**SET – 3**

**Series : SSO/1**

कोड नं.
**Code No. 67/1/3**

रोल नं.
**Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घंटे ]* *[ अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र **तीन** भागों में विभक्त है – **क**, **ख** और **ग** ।*
*(ii)* *भाग **क** सभी छात्रों के लिए **अनिवार्य** है ।*
*(iii)* *परीक्षार्थियों को शेष भाग **ख** (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण) और **ग** (अभिकलित्र लेखांकन) में से कोई **एक** भाग हल करना है ।*
*(iv)* *एक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* *This question paper contains **three** parts **A**, **B** and **C**.*
*(ii)* *Part **A** is **compulsory** for all.*
*(iii)* *There are two parts. Part **B** – Financial Statement Analysis and Part **C** – Computerized Accounting. Attempt only one Part.*
*(iv)* ***All** parts of a question should be attempted at **one** place.*

## भाग – क

## PART – A

### (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. 'हरी, राम तथा शर्मा' की फर्म से हरी के अवकाश ग्रहण करते समय स्थिति-विवरण लाभ-हानि खाते के नाम में ₹ 12,000 का शेष दर्शा रहा था । हरी को देय राशि की गणना करने के लिए यह राशि स्थानान्तरित की जायेगी

   (क) हरी, राम तथा शर्मा के पूँजी खातों के जमा में बराबर-बराबर

   (ख) हरी, राम तथा शर्मा के पूँजी खातों के नाम में बराबर-बराबर

   (ग) राम तथा शर्मा के पूँजी खातों के नाम में बराबर-बराबर

   (घ) राम तथा शर्मा के पूँजी खातों के जमा में बराबर-बराबर **1**

   On the retirement of Hari from the firm of 'Hari, Ram and Sharma' the balance-sheet showed a debit balance of ₹ 12,000 in the profit and loss account. For calculating the amount payable to Hari this balance will be transferred

   (a) to the credit of the capital accounts of Hari, Ram and Sharma equally

   (b) to the debit of the capital accounts of Hari, Ram and Sharma equally

   (c) to the debit of the capital accounts of Ram and Sharma equally

   (d) to the credit of the capital accounts of Ram and Sharma equally

2. कुमार, वर्मा तथा नरेश एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 23 जनवरी, 2015 को वर्मा का देहान्त हो गया । उसकी मृत्यु की तिथि तक के लाभ में वर्मा के भाग की गणना ₹ 2,350 की गई ।

   फर्म की पुस्तकों में इसके लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । **1**

   Kumar, Verma and Naresh were partners in a firm sharing profit & loss in the ratio of 3 : 2 : 2. On 23$^{rd}$ January, 2015 Verma died. Verma's share of profit till the date of his death was calculated at ₹ 2,350.

   Pass necessary journal entry for the same in the books of the firm.

3. अंशों के हरण का अर्थ दीजिए । **1**

   Give the meaning of forfeiture of shares.

4. जॉय लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों के लिए आवेदन आमंत्रित किये । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर – ₹ 3 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 4 प्रति अंश

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – शेष

95,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया गया । सोनम ने, जिसे 500 अंशों का आबंटन किया गया था, आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया । गौतम ने उसको आबंटित किये गये 750 अंशों पर पूर्ण देय राशि का भुगतान आबंटन राशि के साथ कर दिया जिसमें प्रथम एवं अंतिम याचना राशि भी सम्मिलित है । आबंटन पर प्राप्त राशि थी : **1**

(क) ₹ 3,80,000

(ख) ₹ 3,78,000

(ग) ₹ 3,80,250

(घ) ₹ 4,00,250

Joy Ltd. issued 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 3 per share.

On allotment – ₹ 4 per share.

On 1st and final call – balance

Applications for 95,000 shares were received and shares were allotted to all the applicants. Sonam to whom 500 shares were allotted failed to pay allotment money and Gautam paid his entire amount due including the amount due on first and final call on the 750 shares allotted to him along with allotment. The amount received on allotment was

(a) ₹ 3,80,000

(b) ₹ 3,78,000

(c) ₹ 3,80,250

(d) ₹ 4,00,250

5. साझेदारी संलेख के अभाव में फर्म का लाभ साझेदारों के मध्य बाँटा जाता है :

(क) पूँजी अनुपात में

(ख) बराबर

(ग) फर्म के व्यवसाय के लिए लगाये गये समय के अनुपात में

(घ) साझेदारों की प्रबंधन योग्यता के अनुसार **1**

In the absence of partnership deed the profits of a firm are divided among the partners :

(a) In the ratio of capital

(b) Equally

(c) In the ratio of time devoted for the firm’s business

(d) According to the managerial abilities of the partners

6. क, ख, ग तथा घ एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1-1-2015 को उन्होंने लाभ के $\frac{1}{10}$ भाग के लिए 'ड' को एक नया साझेदार बनाया । 'ड' अपने ख्याति प्रीमियम के लिए ₹ 10,000 नगद लाया जिसका लेखा, लेखाकार ने, पुस्तकों में सही कर दिया । उसके पश्चात् लेखापाल ने पुस्तकों में ख्याति को ₹ 1,00,000 में दर्शाया । क्या लेखापाल ने यह सही किया ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । **1**

A, B, C and D were partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 2 : 1. On 1-1-2015 they admitted E as a new partner for $\frac{1}{10}$ share in the profits. E brought ₹ 10,000 for his share of goodwill premium which was correctly recorded in the books by the accountant. The accountant showed goodwill at ₹ 1,00,000 in the books. Was the accountant correct in doing so ? Give reason in support of your answer.

7. प्रतिभूति प्रीमियम का उपयोग (i) 'पूर्ण प्रदत्त बोनस अंशों के निर्गमन' तथा (ii) 'अंशों का प्रति क्रय' के अतिरिक्त तीन और उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है । इन उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए । **3**

Securities premium can also be utilized for three other purposes besides (i) 'Issuing fully paid bonus shares' and (ii) 'Buy back of shares'. State those purposes.

8. 1-4-2013 को जय तथा विजय ने, दूरवर्ती तथा पिछड़े क्षेत्रों में स्थित सरकारी विद्यालयों को प्रयोगशाला उपस्करों की आपूर्ति हेतु, साझेदारी का निर्माण किया । उन्होंने क्रमश: ₹ 80,000 तथा ₹ 50,000 की पूँजी लगाई तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटने के लिए सहमत हुए । साझेदारी संलेख में पूँजी पर 9% प्रतिवर्ष ब्याज देने का प्रावधान है । वर्ष में फर्म ने ₹ 7,800 का लाभ कमाया ।

अपनी गणनाओं को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए 31-3-2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए जय तथा विजय का 'लाभ-हानि नियोजन' खाता तैयार कीजिए । **3**

On 1-4-2013 Jay and Vijay, entered into partnership for supplying laboratory equipments to government schools situated in remote and backward areas. They contributed capitals of ₹ 80,000 and ₹ 50,000 respectively and agreed to share the profits in the ratio of 3 : 2. The partnership deed provided that interest on capital shall be allowed at 9% per annum. During the year the firm earned a profit of ₹ 7,800.

Showing your calculations clearly, prepare 'Profit and Loss Appropriation Account' of Jay and Vijay for the year ended 31-3-2014.

9. सन फार्मा लिमिटेड ₹ 100 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों में विभक्त ₹ 1,00,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत है । कम्पनी ने ₹ 40 प्रति अंश के प्रीमियम पर 50,000 अंशों का निर्गमन किया । एक अंशधारी, जिसके पास 500 अंश थे, ने ₹ 20 प्रति अंश की अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों का हरण कर लिया गया ।

कम्पनी अधिनियम, 1956 की सूची VI भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में इसकी 'अंश पूँजी' प्रस्तुत कीजिए । 'खातों के लिए नोट्स' भी तैयार कीजिए । **3**

Sun Pharma Ltd. is registered with an authorized capital of ₹ 1,00,00,000 divided into 1,00,000 equity shares of ₹ 100 each. The company issued 50,000 shares at a premium of ₹ 40 per shares. A shareholder holding 500 shares did not pay the final call of ₹ 20 per share. His shares were forfeited.

Present the 'Share Capital' in the Balance Sheet of the Company as per Schedule VI Part I of the Companies Act, 1956. Also prepare notes to accounts.

10. 'संगम वूलन्स लिमिटेड', लुधियाना, ऊनी कपड़ों के निर्माता तथा निर्यातक है । कम्पनी ने हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पिति जिले के 10 गाँवों को मुफ्त ऊनी कपड़े बाँटने का निर्णय लिया । कम्पनी ने इन गाँवों के 50 नौजवानों को भी अपनी नई लगाई गई फैक्ट्री में नौकरी देने का निर्णय लिया । कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के 40,000 समता अंशों तथा ₹ 100 प्रत्येक के 1,000 9% ऋणपत्रों का निर्गमन मशीनरी के आपूर्तिकर्ताओं को ₹ 5,00,000 की क्रय की गई मशीनरी के लिए किया ।

आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । कम्पनी द्वारा समाज को संप्रेषित किए जाने वाले किसी एक मूल्य की पहचान भी कीजिए । **3**

'Sangam Woollens Ltd.', Ludhiana, are the manufacturers and exporters of woollen garments. The company decided to distribute free of cost woollen garments to 10 villages of Lahaul and Spiti District of Himachal Pradesh. The company also decided to employ 50 young persons from these villages in its newly established factory. The company issued 40,000 equity shares of ₹ 10 each and 1,000 9% debentures of ₹ 100 each to the vendors for the purchase of machinery of ₹ 5,00,000.

Pass necessary Journal Entries. Also identify any one value that the company wants to communicate to the society.

11. सनी, हनी तथा रूपेश एक फर्म के साझेदार थे । 31-3-2014 को फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 10,000 | संयत्र तथा मशीनरी | 40,000 |
| सामान्य संचय | | 30,000 | फर्नीचर | 15,000 |
| पूँजी : | | | निवेश | 20,000 |
| सनी | 30,000 | | देनदार | 20,000 |
| हनी | 30,000 | | रहतिया | 25,000 |
| रूपेश | 20,000 | 80,000 | | |
| | | **1,20,000** | | **1,20,000** |

31-12-2014 को हनी का देहान्त हो गया । साझेदारी संलेख में प्रावधान है कि मृतक साझेदार के निष्पादकों को निम्न देय होगा :

(i) मृतक साझेदार के पूँजी खाते का शेष ।

(ii) मृत्यु की तिथि तक पूँजी पर 6% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज ।

(iii) स्थिति विवरण में दर्शाये गये अवितरित लाभ अथवा हानि में उसका भाग ।

(iv) उसकी मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभ में उसका भाग, जिसकी गणना पिछले वर्ष के विक्रय पर शुद्ध लाभ की दर के आधार पर की जायेगी । पिछले वर्ष के विक्रय पर शुद्ध लाभ की दर 20% थी । 31-12-2014 तक फर्म का विक्रय ₹ 6,00,000 था ।

उसके निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए हनी का पूँजी खाता तैयार कीजिए । **4**

Sunny, Honey and Rupesh were partners in a firm. On 31-3-2014 their Balance Sheet was as follows :

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 10,000 | Plant and machinery | 40,000 |
| General Reserve | | 30,000 | Furniture | 15,000 |
| Capitals : | | | Investments | 20,000 |
| Sunny | 30,000 | | Debtors | 20,000 |
| Honey | 30,000 | | Stock | 25,000 |
| Rupesh | 20,000 | 80,000 | | |
| | | **1,20,000** | | **1,20,000** |

Honey died on 31-12-2014. The partnership deed provides that the representatives of the deceased partner shall be entitled to :

(i) Balance in the capital account of the deceased partner.

(ii) Interest on capital @ 6% p.a. upto the date of his death.

(iii) His share in the undistributed profits or losses as per the balance sheet.

(iv) His share in the profits of the firm till the date of his death, calculated on the basis of rate of net profit on sales of the previous year. The rate of net profit on sale of previous year was 20%. Sales of the firm during the year till 31-12-2014 was ₹ 6,00,000.

Prepare Honey's Capital Account to be presented to his executors.

12. कुमार, गुप्ता तथा कविता एक फर्म के साझेदार हैं तथा लाभ-हानि बराबर बाँटते हैं । फर्म का व्यवसाय डिब्बाबंद जूस का भण्डारण तथा वितरण करना है तथा इसके गोदाम शहर में तीन जगहों पर स्थित है । प्रत्येक गोदाम का प्रबंधन कुमार, गुप्ता तथा कविता व्यक्तिगत आधार पर करते हैं । गुप्ता द्वारा प्रबंधन किये जाने वाले गोदाम की व्यवसायिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के कारण उसे ज्यादा समय लगाना पड़ रहा है । गुप्ता ने आग्रह किया कि लाभ में उसके भाग को बढ़ाया जाये, जिसे कुमार तथा कविता ने मान लिया । नए लाभ अनुपात के लिए 1 : 2 : 1 पर सहमति हुई । इसके लिए फर्म की ख्याति की गणना फर्म के पिछले पाँच वर्षों के औसत लाभ के दुगुने के आधार पर करने का निर्णय लिया गया । पिछले पाँच वर्षों का लाभ निम्न प्रकार से था :

| **वर्ष** | **लाभ** |
|---|---|
| | **₹** |
| I | 4,00,000 |
| II | 4,80,000 |
| III | 7,33,000 |
| IV (हानि) | 33,000 |
| V | 2,20,000 |

(i) फर्म की ख्याति की गणना कीजिए ।

(ii) कुमार, गुप्ता तथा कविता के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए । **4**

Kumar, Gupta and Kavita were partners in a firm sharing profits and losses equally. The firm was engaged in the storage and distribution of canned juice and its godowns were located at three different places in the city. Each godown was being managed individually by Kumar, Gupta and Kavita. Because of increase in business activities at the godown managed by Gupta, he had to devote more time. Gupta demanded that his share in the profits of the firm be increased, to which Kumar and Kavita agreed. The new profit sharing ratio was agreed to be 1 : 2 : 1. For this purpose the goodwill of the firm was valued at two years purchase of the average profits of last five years. The profits of the last five years were as follows :

| **Year** | **Profit** |
|---|---|
| | **₹** |
| I | 4,00,000 |
| II | 4,80,000 |
| III | 7,33,000 |
| IV (Loss) | 33,000 |
| V | 2,20,000 |

You are required to :

(i) Calculate the goodwill of the firm.

(ii) Pass necessary Journal Entry for the treatment of goodwill on change in profit sharing ratio of Kumar, Gupta and Kavita.

13. बोरा, सिंह तथा अब्राहिम एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 2-3-2015 को उनकी फर्म का विघटन हो गया । सम्पत्तियों का विक्रय किया गया तथा देयताओं का भुगतान किया गया । नीचे फर्म का वसूली खाता, पूँजी खाते तथा बैंक खाता दिया गया है । फर्म के लेखापाल ने इन खातों में कुछ राशियों की खतौनी छोड़ दी । सही राशियों की खतौनी करके इन खातों को पूरा कीजिए : **6**

**नाम** **वसूली खाता** **जमा**

| विवरण | | राशि ₹ | विवरण | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| रहतिया | | 10,000 | डूबत ऋणों के लिए प्रावधान | | 5,000 |
| देनदार | | 25,000 | विभिन्न लेनदार | | 16,600 |
| संयंत्र तथा मशीनरी | | 40,000 | देय बिल | | 3,400 |
| बैंक : | | | बंधक ऋण | | 15,000 |
| विभिन्न लेनदार | 16,000 | | बैंक - सम्पत्तियों का विक्रय : | | |
| देय बिल | 3,400 | | रहतिया | 6,700 | |
| बंधक ऋण | 15,000 | 34,400 | देनदार | 12,500 | |
| बैंक (अदत्त मरम्मत) | | 400 | संयंत्र तथा मशीनरी | 36,000 | 55,200 |
| बैंक (वसूली व्यय) | | 620 | बैंक-लेखा न की गई सम्पत्तियों का विक्रय | | 6,220 |
| | | | ……….. | | ……. |
| | | **1,10,420** | | | **1,10,420** |

**नाम** **पूँजी खाते** **जमा**

| विवरण | बोरा ₹ | सिंह ₹ | अब्राहिम ₹ | विवरण | बोरा ₹ | सिंह ₹ | अब्राहिम ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| – | – | – | – | शेष आगे लाए | 22,000 | 18,000 | 10,000 |
| – | – | – | – | सामान्य संचय | 2,500 | 1,500 | 500 |
| | **24,500** | **19,500** | **10,500** | | **24,500** | **19,500** | **10,500** |

**बैंक खाता**

**नाम** **जमा**

| विवरण | राशि ₹ | विवरण | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| शेष आगे लाए | 19,500 | वसूली खाता (देयताएँ) | 34,400 |
| वसूली खाता (सम्पत्तियों का विक्रय) | 55,200 | वसूली खाता (अपलिखित देयताएँ) | 400 |
| …………………. | ……… | ………….. | ……… |
| | | ………….. | ……… |
| | **80,920** | | **80,920** |

Bora, Singh and Ibrahim were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 1. On 2-3-2015 their firm was dissolved. The assets were realized and the liabilities were paid off. Given below are the Realisation Account, Partners' Capital Accounts and Bank Account of the firm. The accountant of the firm left a few amounts unposted in these accounts. You are required to complete these accounts by posting the correct amounts.

**Dr.** **Realisation Account** **Cr.**

| Particulars | Amount ₹ | Particulars | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| To Stock | 10,000 | By Provision for bad debts | 5,000 |
| To Debtors | 25,000 | By Sundry Creditors | 16,600 |
| To Plant and Machinery | 40,000 | By Bills Payable | 3,400 |
| To Bank : | | By Mortgage Loan | 15,000 |
| Sundry Creditors 16,000 | | By Bank – assets realized : | |
| Bills Payable 3,400 | | Stock 6,700 | |
| Mortgage Loan 15,000 | 34,400 | Debtors 12,500 | |
| To Bank (Outstanding repairs) | 400 | Plant & Machinery 36,000 | 55,200 |
| To Bank (Exp.) | 620 | By Bank-unrecorded assets realized | 6,220 |
| | | By ________ | —— |
| | **1,10,420** | | **1,10,420** |

**Dr.** **Capital Accounts** **Cr.**

| Particulars | Bora ₹ | Singh ₹ | Ibrahim ₹ | Particulars | Bora ₹ | Singh ₹ | Ibrahim ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| – | – | – | – | By Bal. b/d | 22,000 | 18,000 | 10,000 |
| – | – | – | – | By General Reserve | 2,500 | 1,500 | 500 |
| | **24,500** | **19,500** | **10,500** | | **24,500** | **19,500** | **10,500** |

**Bank Account**

**Dr.** **Cr.**

| Particulars | Amount ₹ | Particulars | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| To Bal. b/d | 19,500 | By Realisation (liabilities) | 34,400 |
| To Realisation (assets realized) | 55,200 | By Realisation (unrecorded liabilities ) | 400 |
| ____________ | ______ | By ________ | ______ |
| | | By ________ | ______ |
| | **80,920** | | **80,920** |

14. 1-4-2010 को साहिल तथा चारू ने 4 : 3 अनुपात में लाभ बाँटने के लिए एक साझेदारी बनाई । 1-4-2012 को उन्होंने तनु को लाभ के $\frac{1}{5}$ भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया जिसे तनु ने साहिल तथा चारू से बराबर अधिग्रहित किया । 31-3-2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए साहिल, चारू तथा तनु ने सामान्य लाभ दर से अधिक लाभ अर्जित किया । अत: उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार करने का निर्णय किया । अतिरिक्त पूँजी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उन्होंने 1-4-2013 को लाभ के $\frac{1}{7}$ भाग के लिए पुनीत को एक नया साझेदार बनाया जिसे उसने साहिल तथा चारू से 7 : 3 के अनुपात में अधिग्रहित किया ।

गणना कीजिए :

(i) 2012-13 वर्ष के लिए साहिल, चारू तथा तनु का नया लाभ अनुपात ।

(ii) पुनीत के प्रवेश पर साहिल, चारू, तनु तथा पुनीत का नया लाभ अनुपात । **6**

On 1-4-2010 Sahil and Charu entered into partnership for sharing profits in the ratio of 4 : 3. They admitted Tanu as a new partner on 1-4-2012 for $\frac{1}{5}^{th}$ share which she acquired equally from Sahil and Charu. Sahil, Charu and Tanu earned profits at a higher rate than the normal rate of return for the year ended 31-3-2013. Therefore, they decided to expand their business. To meet the requirements of additional capital they admitted Puneet as a new partner on 1-4-2013 for $\frac{1}{7}^{th}$ share in profits which he acquired from Sahil and Charu in 7 : 3 ratio.

Calculate :

(i) New profit sharing ratio of Sahil, Charu and Tanu for the year 2012-13.

(ii) New profit sharing ratio of Sahil, Charu, Tanu and Puneet on Puneet's admission.

15. भारत लिमिटेड की अधिकृत पूँजी ₹ 20,00,000 थी, जो ₹ 10 प्रत्येक के 2,00,000 समता अंशों में विभक्त थी । कम्पनी ने 1,00,000 अंशों का निर्गमन किया तथा 31-3-2008 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभांश प्रति अंश ₹ 2 था । कम्पनी के प्रबंधन ने इसके उत्पादों को पड़ोसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका तथा बांग्लादेश में निर्यात करने का निर्णय लिया । अतिरिक्त वित्त की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कम्पनी के वित्तीय प्रबंधक ने इसके निदेशक मण्डल के सम्मुख निम्नलिखित तीन विकल्प रखें :

(i) 54,000 समता अंशों का निर्गमन ।

(ii) भारतीय आयात एवं निर्यात बैंक से ऋण प्राप्त किया जाये । ऋण 12% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उपलब्ध था ।

(iii) 9% ऋणपत्रों का 10% के बट्टे पर निर्गमन किया जाए ।

उपलब्ध विकल्पों की तुलना करने के पश्चात् कम्पनी ने 1-4-2008 को ₹ 100 प्रत्येक के 6,000 ऋणपत्रों को 10% के बट्टे पर निर्गमित करने का निर्णय लिया । इन ऋणपत्रों का शोधन तीसरे वर्ष की समाप्ति से आरम्भ करके चार किश्तों में करना था । तीसरे, चौथे, पाँचवें तथा छठें वर्ष के अंत में शोधन किये जाने वाले ऋणपत्रों की राशि निम्न प्रकार थी :

| **वर्ष** | **राशि** |
|---|---|
| | ₹ |
| III | 1,00,000 |
| IV | 1,00,000 |
| V | 2,00,000 |
| VI | 2,00,000 |

2008-09 से 2013-14 वर्षों के लिए 9% ऋणपत्र खाता तैयार कीजिए । **6**

Bharat Ltd. had an authorized capital of ₹ 20,00,000 divided into 2,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The company issued 1,00,000 shares and the dividend paid per share was ₹ 2 for the year ended 31-3-2008. The management of the company decided to export its products to the neighbouring countries Nepal, Bhutan, Sri Lanka and Bangladesh. To meet the requirement of additional funds the financial manager of the company put up the following three alternatives before its Board of Directors :

(i) Issue 54,000 equity shares.

(ii) Obtain a loan from Import and Export Bank of India. The loan was available at 12% per annum interest.

(iii) To issue 9% Debentures at a discount of 10%.

After comparing the available alternatives the company decided on 1-4-2008 to issue 6,000 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%. These debentures were redeemable in four instalments starting from the end of third year. The amount of debentures to be redeemed at the end of third, fourth, fifth and sixth year was as follows :

| **Year** | **Profit** |
|---|---|
| | ₹ |
| III | 1,00,000 |
| IV | 1,00,000 |
| V | 2,00,000 |
| VI | 2,00,000 |

Prepare 9% Debentures Account for the years 2008-09 to 2013-14.

16. 'वेलनेस लिमिटेड' ने ₹ 10 प्रत्येक के 40,000 अंशों को 10% के बट्टे पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किये । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था : **8**

आवेदन तथा आबंटन पर – ₹ 4 प्रति अंश

प्रथम याचना पर – ₹ 3 प्रति अंश

दूसरी तथा अन्तिम याचना पर – शेष

39,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया गया।

भुगतान निम्न दिये गये विवरण के अनुसार प्राप्त हुआ :

30,000 अंशों पर – पूर्ण राशि

6,000 अंशों पर – ₹ 7 प्रति अंश

3,000 अंशों पर – ₹ 4 प्रति अंश

निदेशकों ने उन अंशों का हरण कर लिया जिन पर ₹ 7 प्रति अंश से कम प्राप्त हुए थे । हरण किये गए अंशों को ₹ 8 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

**अथवा**

'शुभम लिमिटेड' ने ₹ 10 प्रत्येक के 12,000 समता अंशों को ₹ 3 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किये । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन तथा आबंटन पर – ₹ 6 प्रति अंश (प्रीमियम सहित)

प्रथम याचना पर – ₹ 4 प्रति अंश

दूसरी तथा अन्तिम याचना पर – शेष

18,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । सभी आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन प्रथम याचना पर देय राशि में कर लिया गया । सभी याचना माँग ली गई तथा प्राप्त हो गई । विभू जिसे 120 अंशों का आबंटन किया गया था, ने प्रथम याचना तथा दूसरी व अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किये गये अंशों को कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार अधिकतम बट्टे पर निर्गमित कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

'Wellness Ltd.' invited applications for issuing 40,000 equity shares of ₹ 10 each at a discount of 10%. The amount was payable as follows :

On application and allotment – ₹ 4 per share.

On first call – ₹ 3 per share.

On second and final call – The balance.

Applications for 39,000 shares were received and allotment was made to all the applicants.

The payment was received as per the following details :

On 30,000 shares – Full amount.

On 6,000 shares – ₹ 7 per share.

On 3,000 shares – ₹ 4 per share.

The Directors forfeited those shares on which less than ₹ 7 per share were received. The forfeited shares were re-issued at ₹ 8 per share as fully paid up.

Pass necessary Journal Entries in the books of the company for the above transactions.

**OR**

'Subham Ltd.' invited applications for issuing 12,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 3 per share. The amount was payable as follows :

On application and allotment – ₹ 6 per share. (Including Premium)

On first call – ₹ 4 per share.

On second and final call – The balance.

Applications for 18,000 shares were received and pro-rata allotment was made to all the applicants.

Excess money received with applications was adjusted towards sums due on first call. All calls were made and were duly received except the first call and second and final call on 120 shares allotted to Vibhu. His shares were forfeited. The forfeited shares were reissued at the maximum permissible discount as per the provisions of the Companies Act, 1956.

Pass necessary Journal Entries for the above transactions in the books of the company.

17. चारू तथा हर्षा एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1-4-2014 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था : **8**

**1-4-2014 को चारू तथा हर्षा का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 17,000 | रोकड़ | 6,000 |
| सामान्य संचय | | 4,000 | देनदार | 15,000 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष | | 9,000 | निवेश | 20,000 |
| निवेश उतार-चढ़ाव कोष | | 11,000 | संयंत्र | 14,000 |
| डूबत ऋणों के लिए प्रावधान | | 2,000 | भूमि तथा भवन | 38,000 |
| पूँजी : | | | | |
| चारू | 30,000 | | | |
| हर्षा | 20,000 | 50,000 | | |
| | | **93,000** | | **93,000** |

उपरोक्त तिथि को फर्म में लाभ में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए निम्न शर्तों पर वैशाली को एक नया साझेदार बनाया गया :

(क) वैशाली ₹ 20,000 अपनी पूँजी के लिए तथा ₹ 4,000 अपने भाग के ख्याति-प्रीमियम के लिए लायेगी ।

(ख) सभी देनदारों को प्राप्य-योग्य समझा गया ।

(ग) निवेशों का बाजार मूल्य ₹ 15,000 था ।

(घ) कर्मचारी क्षतिपूर्ति के लिए ₹ 6,000 की एक देयता थी ।

(ङ) चारू तथा हर्षा के पूँजी खातों का समायोजन वैशाली की पूँजी के आधार पर किया जायेगा । इस उद्देश्य के लिए चालू खाते खोले जायेंगे ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए ।

**अथवा**

अमित, बालन तथा चन्दर एक फर्म के साझेदार थे तथा क्रमश: $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{3}$ तथा $\frac{1}{6}$ के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1-4-2014 को चन्दर ने अवकाश ग्रहण किया । चन्दर के अवकाश ग्रहण करते समय फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**1-4-2014 को अमित, बालन तथा चन्दर का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| विभिन्न लेनदार | | 12,600 | बैंक | | 4,100 |
| भविष्य निधि | | 3,000 | देनदार | 30,000 | |
| सामान्य संचय | | 9,000 | घटा : प्रावधान | 1,000 | 29,000 |
| पूँजी : | | | रहतिया | | 25,000 |
| अमित | 40,000 | | निवेश | | 10,000 |
| बालन | 36,500 | | पेटेन्ट्स | | 5,000 |
| चन्दर | 20,000 | 96,500 | मशीनरी | | 48,000 |
| | | **1,21,100** | | | **1,21,100** |

यह समझौता हुआ कि :

(क) ख्याति का मूल्यांकन ₹ 27,000 पर किया जायेगा ।

(ख) मशीनरी पर 10% मूल्यह्रास लगाना था ।

(ग) पेटेन्ट्स को 20% कम करना था ।

(घ) भविष्य निधि देयता का अनुमान ₹ 2,400 था ।

(ङ) चन्दर ने निवेश को ₹ 15,800 में ले लिया ।

(च) अमित तथा बालन ने चालू खाते खोल कर अपनी पूँजी को अपने लाभ अनुपात में समायोजित करने का निर्णय लिया ।

चन्दर के अवकाश ग्रहण करने पर पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए ।

Charu and Harsha were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. On 1-4-2014 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Charu and Harsha as on 1-4-2014**

| **Liabilities** | | **Amount ₹** | **Assets** | **Amount ₹** |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 17,000 | Cash | 6,000 |
| General Reserve | | 4,000 | Debtors | 15,000 |
| Workmen Compensation Fund | | 9,000 | Investments | 20,000 |
| Investment Fluctuation Fund | | 11,000 | Plant | 14,000 |
| Provision for bad debts | | 2,000 | Land and Building | 38,000 |
| Capitals : | | | | |
| Charu | 30,000 | | | |
| Harsha | 20,000 | 50,000 | | |
| | | **93,000** | | **93,000** |

On the above date Vaishali was admitted for ¼th share in the profits of the firm on the following terms :

(a) Vaishali will bring ₹ 20,000 for her capital and ₹ 4,000 for her share of goodwill premium.

(b) All debtors were considered good.

(c) The market value of investments was ₹ 15,000.

(d) There was a liability of ₹ 6,000 for workmen compensation.

(e) Capital accounts of Charu and Harsha are to be adjusted on the basis of Vaishali's capital by opening current accounts.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts.

**OR**

Amit, Balan and Chander were partners in a firm sharing profits in the proportion of $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{3}$ and $\frac{1}{6}$ respectively. Chander retired on 1-4-2014. The Balance Sheet of the firm on the date of Chander's retirement was as follows :

**Balance Sheet of Amit, Balan and Chander as on 1-4-2014**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 12,600 | Bank | | 4,100 |
| Provident Fund | | 3,000 | Debtors | 30,000 | |
| General Reserve | | 9,000 | Less : Provision | 1,000 | 29,000 |
| Capitals : | | | Stock | | 25,000 |
| Amit | 40,000 | | Investments | | 10,000 |
| Balan | 36,500 | | Patents | | 5,000 |
| Chander | 20,000 | 96,500 | Machinery | | 48,000 |
| | | **1,21,100** | | | **1,21,100** |

It was agreed that :

(a) Goodwill will be valued at ₹ 27,000.

(b) Depreciation of 10% was to be provided on machinery.

(c) Patents were to be reduced by 20%.

(d) Liability on account of Provident Fund was estimated at ₹ 2,400.

(e) Chander took over investments for ₹ 15,800.

(f) Amit and Balan decided to adjust their capitals in proportion of their profit sharing ratio by opening current accounts.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts on Chander's retirement.

## भाग – ख

## PART – B

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## (Financial Statements Analysis)

18. निम्न में से किसको रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य में सम्मिलित नहीं किया जाता है ?

(क) बैंकों के पास नगद शेष

(ख) 100 दिनों की परिपक्वता के बैंक जमा

(ग) चैक तथा ड्राफ्ट हस्ते तथा

(घ) रोकड़ हस्ते 1

Which of the following is not included in cash and cash equivalents ?

(a) Balances with banks

(b) Bank deposits with 100 days of maturity

(c) Cheques and drafts on hand and

(d) Cash on hand

19. शारदा लिमिटेड का रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय 'स्थायी परिसम्पत्तियों पर लगाये गये मूल्यह्रास' को परिचालन गतिविधियों की गणना करने के लिए शुद्ध लाभ में जोड़ दिया गया । क्या लेखापाल ऐसा करने में सही था ? कारण बताइए । **1**

While preparing Cash Flow Statement of Sharda Ltd. 'Depreciation provided on fixed assets' was added to net profit to calculate cash flow from operating activities. Was the accountant correct in doing so ? Give reason.

20. कम्पनी अधिनियम, 1956 की सूची VI भाग I के अनुसार निम्न मदें किन-किन शीर्षकों के अन्तर्गत दर्शाई जायेगी ?

(i) रोकड़ हस्ते

(ii) खनन अधिकार

(iii) अल्पकालीन जमा

(iv) ऋणपत्र शोधन संचय

(v) अग्रिम प्राप्त आय

(vi) लाभ-हानि विवरण का शेष

(vii) कार्यालय संयंत्र तथा

(viii) कार्य प्रगति पर **4**

Under which heads the following items will be placed in the Balance Sheet of a company as per Schedule VI Part I of the Companies Act, 1956 ?

(i) Cash in hand

(ii) Mining Rights

(iii) Short term deposits

(iv) Debenture Redemption Reserve

(v) Income received in advance

(vi) Balance of the Statement of Profit and Loss

(vii) Office Equipments and

(viii) Work-in-progress.

21. नवीन लिमिटेड से सम्बन्धित निम्नलिखित सूचना से (क) निवेश पर प्रत्याय तथा (ख) कुल सम्पत्ति ऋण अनुपात की गणना कीजिए :

**<u>सूचना</u> :** स्थायी सम्पत्तियाँ ₹ 75,00,000; चालू सम्पत्तियाँ ₹ 40,00,000; चालू देयताएँ ₹ 27,00,000; 12% ऋणपत्र ₹ 80,00,000 तथा ब्याज, कर एवं लाभांश से पूर्व शुद्ध लाभ ₹ 14,50,000 । **4**

From the following information related to Naveen Ltd. calculate (a) Return on Investment and (b) Total Assets to Debt Ratio.

**<u>Information</u> :** Fixed Assets ₹ 75,00,000; Current Assets ₹ 40,00,000; Current Liabilities ₹ 27,00,000; 12% Debentures ₹ 80,00,000 and Net Profit before Interest, Tax and Dividend ₹ 14,50,000.

22. एक विज्ञापन कम्पनी यश लिमिटेड का आदर्श-वाक्य 'गरिमा सहित सेवा' है । इसका प्रबंधन तथा कार्य-बल मेहनती, ईमानदार तथा अभिप्रेरित है । 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष में कम्पनी का शुद्ध लाभ दो गुना हो गया । अपने निष्पादन से उत्साहित कम्पनी ने अपने सभी कर्मचारियों को एक मास का अतिरिक्त वेतन देने का निर्णय किया । 31 मार्च, 2013 तथा 2014 को समाप्त हुए वर्षों के लिए कम्पनी का तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण निम्न प्रकार से हैं :

**यश लिमिटेड**

**तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 2012-13 ₹ | 2013-14 ₹ | निरपेक्ष परिवर्तन ₹ | % परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्यकलापों से आय | | 10,00,000 | 15,00,000 | 5,00,000 | 50 |
| घटा कर्मचारी हित व्यय | | 6,00,000 | 7,00,000 | 1,00,000 | 16.67 |
| कर पूर्व लाभ | | 4,00,000 | 8,00,000 | 4,00,000 | 100 |
| कर दर 25% | | 1,00,000 | 2,00,000 | 1,00,000 | 100 |
| कर पश्चात् लाभ | | 3,00,000 | 6,00,000 | 3,00,000 | 100 |

(क) 31 मार्च, 2013 तथा 2014 के लिए शुद्ध लाभ अनुपात की गणना कीजिए ।

(ख) किन्हीं दो अनुपातों की पहचान कीजिए जिन्हें यश लिमिटेड प्रचारित करना चाहती है । **4**

The motto of Yash Ltd., an advertising company is 'Service With Dignity'. Its management and work force is hard-working, honest and motivated. The net profit of the company doubled during the year ended 31-3-2014. Encouraged by its performance company decided to give one month extra salary to all its employees. Following is the Comparative Statement of Profit and Loss of the company for the years ended 31st March 2013 and 2014.

**Yash Ltd.**

**Comparative Statements of Profit and Loss.**

| Particulars | Note No. | 2012-13 ₹ | 2013-14 ₹ | Absolute Change ₹ | % Change |
|---|---|---|---|---|---|
| Revenue from operations | | 10,00,000 | 15,00,000 | 5,00,000 | 50 |
| Less Employees benefit expenses | | 6,00,000 | 7,00,000 | 1,00,000 | 16.67 |
| Profit before tax | | 4,00,000 | 8,00,000 | 4,00,000 | 100 |
| Tax Rate 25% | | 1,00,000 | 2,00,000 | 1,00,000 | 100 |
| Profit after tax | | 3,00,000 | 6,00,000 | 3,00,000 | 100 |

(a) Calculate Net Profit Ratio for the years ending 31st March, 2013 and 2014.

(b) Identify any two values which Yash Ltd. is trying to propagate.

23. 31-3-2014 को थर्मल पॉवर लिमिटेड का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से है :

**थर्मल पावर लिमिटेड**

**31-3-2014 को स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 2013-14 ₹ | 2012-13 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I. समता तथा देयताएँ** | | | |
| (1) अंशधारी निधियाँ | | | |
| (क) अंश पूँजी | | 12,00,000 | 11,00,000 |
| (ख) संचय एवं आधिक्य | 1 | 3,00,000 | 2,00,000 |
| (2) अचल देयताएँ | | | |
| दीर्घकालीन ऋण | | 2,40,000 | 1,70,000 |
| (3) चालू देयताएँ | | | |
| (क) व्यापारिक देयताएँ | | 1,79,000 | 2,04,000 |
| (ख) लघुकालीन प्रावधान | | 50,000 | 77,000 |
| कुल योग | | 19,69,000 | 17,51,000 |
| **II. परिसम्पत्तियाँ** | | | |
| (1) अचल परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) स्थायी परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (i) मूर्त | 2 | 10,70,000 | 8,50,000 |
| (ii) अमूर्त | 3 | 40,000 | 1,12,000 |
| (2) चालू देयताएँ | | | |
| (क) चालू निवेश | | 2,40,000 | 1,50,000 |
| (ख) स्टाक (मालसूची) | | 1,29,000 | 1,21,000 |
| (ग) व्यापारिक प्राप्तियाँ | | 1,70,000 | 1,43,000 |
| (घ) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य | | 3,20,000 | 3,75,000 |
| कुल योग | | 19,69,000 | 17,51,000 |

खातों के नोट्स :

| नोट सं. | विवरण | 2013-14 ₹ | 2012-13 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | संचय एवं आधिक्य | | |
| | आधिक्य (लाभ-हानि विवरण का शेष) | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 2. | मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | मशीनरी | 12,70,000 | 10,00,000 |
| | घटा : एकत्रित मूल्यह्रास | (2,00,000) | (1,50,000) |
| 3. | अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | ख्याति | 40,000 | 1,12,000 |

**अतिरिक्त सूचना :**

वर्ष में एक मशीन, जिसकी लागत ₹ 24,000 थी तथा जिस पर एकत्रित मूल्यह्रास ₹ 16,000 था, को ₹ 6,000 में बेचा गया ।

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए । **6**

Following is the Balance Sheet of Thermal Power Ltd. as at 31-3-2014 :

**Thermal Power Ltd.**

**Balance Sheet as at 31-3-2014**

| Particulars | Note No. | 2013-14 ₹ | 2012-13 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I. EQUITY AND LIABILITIES** | | | |
| (1) Shareholders Funds | | | |
| (a) Share Capital | | 12,00,000 | 11,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus | 1 | 3,00,000 | 2,00,000 |
| (2) Non Current Liabilities | | | |
| Long Term Borrowings | | 2,40,000 | 1,70,000 |
| (3) Current Liabilities | | | |
| (a) Trade Payables | | 1,79,000 | 2,04,000 |
| (b) Short Term Provisions | | 50,000 | 77,000 |
| Total | | 19,69,000 | 17,51,000 |
| **II. ASSETS** | | | |
| (1) Non-current Assets | | | |
| (a) Fixed Assets | | | |
| (i) Tangible | 2 | 10,70,000 | 8,50,000 |
| (ii) Intangible | 3 | 40,000 | 1,12,000 |
| (2) Current Assets | | | |
| (a) Current Investments | | 2,40,000 | 1,50,000 |
| (b) Inventories | | 1,29,000 | 1,21,000 |
| (c) Trade Receivables | | 1,70,000 | 1,43,000 |
| (d) Cash and Cash equivalents | | 3,20,000 | 3,75,000 |
| Total | | 19,69,000 | 17,51,000 |

Notes to Accounts :

| S. No. | Particulars | 2013-14 ₹ | 2012-13 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | Reserves and Surplus | | |
| | Surplus (balance in statement of Profit and Loss) | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 2. | Tangible Assets | | |
| | Machinery | 12,70,000 | 10,00,000 |
| | Less : Accumulated Depreciation | (2,00,000) | (1,50,000) |
| 3. | Intangible Assets | | |
| | Goodwill | 40,000 | 1,12,000 |

**Additional information :**

During the year a piece of machinery, costing ₹ 24,000 on which accumulated depreciation was ₹ 16,000, was sold for ₹ 6,000.

Prepare Cash Flow Statement.

**भाग – ग**

**PART – C**

**(अभिकलित्र लेखांकन)**

**(Computerized Accounting)**

18. 'डी.बी.एम.एस'. से अभिप्राय है :

(क) लाभांश आधारित प्रबन्ध प्रणाली ।

(ख) डाटा आधारित प्रबन्ध सॉफ्टवेयर ।

(ग) डाटा आधारित प्रबन्ध प्रणाली ।

(घ) आधारभूत मुख्य सॉफ्टवेयर का विभाजन । **1**

'DBMS' stands for :

(a) Dividend Based Management System.

(b) Data Based Management Software.

(c) Data Base Management System.

(d) Divide the Basic Master Software.

19. एक अनुक्रमिक कोड से तात्पर्य उस कोड से है जो किसी प्रपत्र पर उस समय प्रयोग में लाया जाता है जब :

(क) संख्याओं एवं अक्षरों को एक निरन्तर क्रम प्रदान किया जाता है ।

(ख) जब प्रपत्रों को खाता शीर्षक प्रदान किए जाते हैं ।

(ग) जब प्रपत्रों को विशेष नाम दिए जाते हैं ।

(घ) जब प्रपत्रों को उनके नामों के क्रम में व्यवस्थित किया जाता है । **1**

A sequential code refers to a code applied to some document where :

(a) Numbers and letters are assigned in consecutive order.

(b) Where account heads are assigned to documents.

(c) Special names are given to documents.

(d) When documents are arranged in sequence of their names.

20. 'टेलर्ड लेखांकन सॉफ्टवेयर' का क्या अर्थ है ? समझाइए । **4**

What is meant by 'Tailored accounting software' ? Explain.

21. एक वेतन बिल द्वारा प्रदान की जाने वाली सूचना को समझाइए । **4**

Explain the information provided by a salary bill.

22. लेखांकन सॉफ्टवेयर में सुरक्षा, निश्चितता तथा गोपनीयता जैसी विशेषताओं का होना क्यों आवश्यक है ? ऐसे दो साधनों को समझाइए जो डाटा को सुरक्षा प्रदान करते हैं । **4**

Why is it necessary to have safety, security and confidentiality features in accounting software ? Explain any two tools which provide data safety.

23. उस वित्तीय कार्य का नाम बताते हुए उसे समझाइए जो उस प्रतिभूति पर अर्जित ब्याज की गणना करता है जो आवधिक ब्याज का भुगतान करती है । **6**

Name and explain the function which calculates periodic payment of an annuity assuming equal payments and a constant rate of interest.

---